Bharat Temples

मेरा छोटा सा परिवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे,
हमें तेरा ही आधार,
तुमसे ही घर संसार,
सदा चरणों में रहे ।।

तर्ज चिट्ठी ना कोई सन्देश ।

बाबा अपना रिश्ता,
बरसो पुराना है,
इसे रिश्ते को बाबा,
हमें यूँ ही निभाना है,
हमे देते रहना प्यार,
तेरे आते रहे दरबार,
सदा चरणों में रहे,
मेरा छोटा सा परीवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे ।।

भटके जो कभी रस्ता,
तुम राह दिखा देना,
नाराज़ नहीं होना,
जो चाहे सज़ा देना,
कभी बिगड़े ना अपनी बात,

मेरा पकड़ के रखना हाथ,
सदा चरणों में रहे,
मेरा छोटा सा परिवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे।।

एक दूजे के मन में,
कभी बैर ना आ पाये,
हम जीवन के पथ पे,
आगे बढ़ते जाये,
मंजिल है तुम्हारा द्वार,
होगा यहीं उद्धार,
सदा चरणों में रहे,
मेरा छोटा सा परिवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे।।

अपने छोटो को हम,
सदा प्यार करे हरदम,
और छोटे बड़ो का श्याम,
सम्मान करे हरदम,
हमे दो ऐसा वरदान,
बल्लू माने एहसान,
सदा चरणों में रहे,
मेरा छोटा सा परिवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे।।

मेरा छोटा सा परिवार,
हम सबका यही विचार,
सदा चरणों में रहे,
हमें तेरा ही आधार,
तुमसे ही घर संसार,
सदा चरणों में रहे।।

Singer : Rajni Rajasthani

Source:
https://www.bharattemples.com/mera-chota-sa-parivar-hum-sabka-yahi-vichar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw